# केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

17 राउज़ एवेन्यू, नई दिल्ली–110002

दिनांक : 29.01.2007

सं0:एइओ:पी/शै0/निबंध–प्रतियोगिता/2007 परिपत्र सं0: 06

सीबीएसई से सम्बद्ध
विद्यालयों के सभी प्रमुख

विषय : (क) सड़क–सुरक्षा पर 15 वें अखिल भारतीय निबंध–प्रतियोगिता और
(ख) वाहन प्रदूषण पर 10वीं अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन सीबीएसई द्वारा, जहाजरानी मंत्रालय सड़क परिवहन और राज मार्ग, भारत सरकार के सहयोग से हिन्दी, अंग्रेजी और सभी भारतीय भाषाओं में किया जा रहा है जो भारत के संविधान की 8वीं अनुसूची में सम्मिलित है।

महोदय/महोदया,

प्रतिदिन की सड़क दुर्घटनाओं के अत्यधिक भार के कारण सम्पत्ति के साथ–साथ ही मानव–जीवन की भी विशाल हानि हुई है। ऐसे बहुत से लोग, जो समाज की प्रगति में योगदान करते, अपने जीवन के प्रारंभ में ही ऐसी सड़क–दुर्घटनाओं में मारे गए। अपार व्यक्तिगत त्रासदी से परे, इसमें उपलब्ध जन शक्ति की बृहत् राष्ट्रीय क्षति होती है। अधिक जागरुकता को प्रोत्साहित करने और सड़क दुर्घटनाओं के भार का कम करने के लिए सीबीएसई, जहाजरानी मंत्रालय सड़क परिवहन और राजमार्ग भारत सरकार के सहयोग से विभिन्न उपाय कर रही है। ऐसे कार्यक्रमों का मुख्य उद्‌देश्य विद्यार्थियों के बीच सड़क पर सुरक्षित यात्रा करने की आवश्यकता और अत्यावश्यकता के बारे में जागरुकता प्रदान करना है और इस संबंध में बच्चों के माध्यम से समाज और अभिभावकों को भी सड़क पर सुरक्षित यात्रा की आवश्यकता के संबंध में बताया जाए।

वाहन–प्रदूषण भी एक गंभीर चिंता का विषय है और इन वाहनों द्वारा सड़कों पर फैलने वाले प्रदूषण को समाप्त करने के लिए हमें अति आवश्यक कदम उठाने की अत्यन्त आवश्यकता है। सीबीएसई के सभी विद्यालय इस संबंध में, स्कूलों के शिक्षणाभ्यासियों में वातावरण संबंधी नीतिशास्त्र और मूल्यों के अध्ययन को कूट–कूट कर भरकर एक बड़ी भूमिका निभा सकते है। अतएव, सीबीएसई जहाजरानी मंत्रालय सड़क परिवहन और राजमार्ग, भारत–सरकार के सहयोग से अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन निम्नलिखित विषयों पर करने जा रही है :-

1. कक्षा–8वीं और 9वीं के लिए

**सड़क - सुरक्षा**

2. कक्षा–10वीं से 12वीं के लिए

**वाहन-प्रदूषण**

यह प्रतियोगिताएं बोर्ड से सम्बद्ध विद्यालयों की उपरोक्त वर्णित कक्षाओं - 8वीं से 12वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जानी है

यह निबंध अंग्रेजी, हिंदी अथवा भारतीय संविधान की 8वीं अनुसूची में उल्लिखित किन्हीं भारतीय भाषाओं में भी लिखे जा सकते है। सभी विद्यालय इस प्रतियोगिता को फरवरी 2007 के अंतिम सप्ताह में आयोजित करेंगे, इन प्रतियोगिताओं के विषय इस प्रकार है:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| I. | सड़क सुरक्षा<br>(8वीं और 9वीं कक्षाएं) | **समय 3 घण्टे**<br>**''मानव और सड़क-दुर्घटनाएं** | **अंक: 100** |
| II. | वाहन-प्रदूषण<br>(10वीं से 12वीं कक्षाएं) | **समय 3 घण्टे**<br>**''वाहन-प्रदूषण का नियंत्रण एक सामाजिक आवश्यकता है।''** | **अंक: 100** |

ये निबंध आपके क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्यालय में दिनांक 5 मार्च, 2007 से पहले निश्चित रुप से पहुंच जाने चाहिए। आपसे अनुरोध है कि आप अपने विद्यालय में इसका व्यापक प्रचार करें और यह सुनिश्चित करें कि इसमें सभी विद्यार्थी सक्रिय रुप से भाग लें। विद्यालय के लिए इसकी मार्ग-निर्देशिका की एक प्रति इसके साथ संलग्न है।

भवदीया,

(सी. गुरुमूर्ति)

# केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

17 राउज़ एवेन्यू, नई दिल्ली–110002

## विद्यालय को मार्गदर्शन

सड़क सुरक्षा पर 15वीं अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता एंव वाहन प्रदूषण पर 10वीं अखिल भारतीय निबन्ध प्रतियोगिता

1. सड़क सुरक्षा एवं (ख) वाहन प्रदूषण की निबंध प्रतियोगिता आपके विद्यालय में आपकी सुविधानुसार फरवरी 2007 के अन्तिम में समाप्त होगी ।

क) कक्षा 8वीं एवं 9वीं की निबंध प्रतियोगिता के लिए विषय सड़क सुरक्षा।

**"मानव एवं सड़क दुर्घटनायें"।**

ख) कक्षा 10वीं से 12वीं की निबंध प्रतियोगिता के लिए विषय वाहन प्रदूषण

**"वाहन प्रदूषण पर नियंत्रण एक सामाजिक आवश्यकता है"।**

ग) समयावधि : प्रत्येक निबंध के लिए 3 घंटे

अंक : प्रत्येक निबंध के लिए 100 अंक

घ) भाषा : अंग्रेजी हिंदी एवं भारतीय संविधान की 8वीं अनुसूची में सम्मिलित सभी भाषायें।

2. सभी उत्तर–पुस्तिकाओं के साथ–साथ प्रतिभागियों की सूची, प्रवेश पत्र दोनों प्रतियोगिताओं के लिए अलग–अलग लगाकर सी.बी.एस.ई. के क्षेत्रीय कार्यालयों को प्रतियोगिताओं के समाप्त होते ही (तुरन्त) रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजना चाहिये/भेज दें।

3. दोनों प्रतियोगिताओं के संचालन के लिए उचित प्रबंध किए जाने चाहिये।

4. प्रतियोगिता के आयोजन के लिए एक कमरे में एक अध्यापक नियुक्त किया जाना चाहिए।

5. विद्यार्थियों को उत्तर देने के लिए अपने–अपने पृष्ठ लाने के लिए कहा जाए और इन पृष्ठों पर प्रतियोगिता के शुरु होने से पूर्व निरीक्षक को प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर करने होंगे। समानता को सुनिश्चित करने के लिए विद्यालय द्वारा भी पृष्ठो पर निरीक्षक के द्वारा पूर्ण रुप से हस्ताक्षर करवाकर भी दिए जा सकते है।

6. अपने क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्यालय को उत्तर–पुस्तिकाओं के भेजने से पूर्व कृपया विद्यालय की मोहर को जांच लें।

7. प्रत्येक भाषा में पुरस्कार: नकद पुरस्कार, प्रमाण–पत्र और ट्राफी।

| नकद | (क) सड़क सुरक्षा | (ख) वाहन प्रदूषण |
|---|---|---|
| पहला इनाम | रु0 5,000/– | रु0 5,000/– |
| दूसरा इनाम | रु0 3,000/– | रु0 3,000/– |
| तीसरा इनाम | रु0 2,000/– | रु0 2,000/– |

# केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

17 राउज़ एवेन्यू, नई दिल्ली–110002

**प्रविष्टि प्रपत्र**

सड़क सुरक्षा पर 15वीं अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता एंव वाहन प्रदूषण पर 10वीं अखिल भारतीय निबन्ध प्रतियोगिता

दिनांक _______________ अनुक्रमांक ___________________

(केवल सीबीएसई के क्षेत्रीय कार्यालय के इस्तेमाल के लिए)

1. विद्यार्थी का नाम ________________________________________
2. कक्षा ________________________________________
3. विद्यालय का नाम ________________________________________
   (पूरा पता) ________________________________________
4. पिता का नाम ________________________________________
5. जन्म–तिथि ________________________________________
6. निबन्ध प्रतियोगिता का नाम ________________________________________
7. भाषा ________________________________________
8. सी. बी. एस. ई. क्षेत्र का नाम ________________________________________

विद्यार्थी के हस्ताक्षर                प्रधानाचार्य के हस्ताक्षर

दिनांक :                कार्यालय मोहर के साथ

केवल सी. बी. एस. ई. क्षेत्रीय कार्यालय के इस्तेमाल के लिए
________________________________________

1. मुल्यांकनकर्ता का नाम ________________________________________
   (स्पष्ट अक्षरों में पूरा नाम)
2. प्राप्तांक ____________________________ स्थिति ______________________________
3. क्षेत्र का नाम

क्षेत्रीय अधिकारी के हस्ताक्षर                मूल्यांकनकर्ता के हस्ताक्षर

दिनांक                दिनांक